**एशिया फ्रूट लॉजिस्टिका 2024 के लिए एपीडा सम्मेलन कक्ष में**

**22/07/2024 को आयोजित बोली-पूर्व बैठक का कार्यवृत्त**

"एशिया फ्रूट लॉजिस्टिका 2024" के दौरान एपीडा/इंडिया पवेलियन के डिजाइन, निर्माण-कार्य और रखरखाव के लिए बोलियां आमंत्रित करने के लिए 22 जुलाई, 2024 को आयोजित बोली-पूर्व बैठक के दौरान बोलीदाताओं द्वारा उठाए गए मुद्दे और उस पर एपीडा का जवाब इस प्रकार है:

| टीओआर की बिंदु सं. | मौजूदा प्रावधान | एपीडा का जवाब |
|---|---|---|
| **4.2.1** | एजेंसी ने पिछले पांच वर्षों के दौरान भारत से बाहर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों में पवेलियन के डिजाइन, निर्माण-कार्य और रखरखाव की आवश्यकता वाले कम से कम तीन अंतर्राष्ट्रीय इवेंट्स का टर्नकी आधार पर आयोजन किया हो, जहां<br><br>(क) प्रत्येक इवेंट के लिए पवेलियन का क्षेत्रफल 75 वर्ग मीटर से कम नहीं हो, तथा<br><br>(ख) ऐसे इवेंट का वित्तीय मूल्य 50.00 लाख रुपये प्रति इवेंट से कम नहीं हो। | एजेंसी ने पिछले पांच वर्षों के दौरान भारत से बाहर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों में पवेलियन के डिजाइन, निर्माण-कार्य और रखरखाव की आवश्यकता वाले कम से कम तीन अंतर्राष्ट्रीय इवेंट्स का टर्नकी आधार पर आयोजन किया हो, जहां<br><br>(क) प्रत्येक इवेंट के लिए पवेलियन का क्षेत्रफल 75 वर्ग मीटर से कम नहीं हो, तथा<br><br>**(ख) ऐसे इवेंट का वित्तीय मूल्य 20.00 लाख रुपये प्रति इवेंट से कम नहीं हो।** |
| **5.3.2** | एजेंसी को संबंधित प्रदर्शकों से प्राप्त टीपी/डिजाइन के अनुसार प्रत्येक स्टॉल (9 वर्ग मीटर) के लिए 3' x 6' आकार के 3 पैनल पोस्टर तैयार करने होंगे, जिनका कुल क्षेत्रफल 18 वर्ग फीट होगा। एजेंसी द्वारा तैयार किए गए पैनल और पोस्टर आयाम में समान हो और मुद्रण गुणवत्ता अंतरराष्ट्रीय स्तर की होगी। | एजेंसी को संबंधित प्रदर्शकों से प्राप्त टीपी/डिजाइन के अनुसार प्रत्येक स्टॉल (6 वर्ग मीटर) के लिए 3' x 6' आकार के 3 पैनल पोस्टर तैयार करने होंगे, जिनका कुल क्षेत्रफल 18 वर्ग फीट होगा। एजेंसी द्वारा तैयार किए गए पैनल और पोस्टर आयाम में समान होंगे और मुद्रण गुणवत्ता अंतरराष्ट्रीय स्तर की होंगी। |

| | | |
|---|---|---|
| **5.5.3** | वेट सैंपलिंग के लिए, निम्नलिखित उत्पादों की प्रतिदिन छह घंटे के लिए पर्याप्त मात्रा:<br>(क) अनार, अनार के बीज और अन्य फल।<br>(ख) फलों का रस, स्मूदी, आम की लस्सी, कटे हुए फल आदि।<br>(ग) प्रतिदिन पॉप्सिकल्स और विभिन्न व सब्जी से संबंधित व्यंजन। | एपीडा चयनित एजेंसी द्वारा की जाने वाली वेट सैंपलिंग हेतु उत्पादों की खरीद और शिपमेंट के लिए ताजे फल, सब्जियों और फलों के गूदे के निर्यातकों के साथ जुड़कर सुविधा प्रदान करेगा। |
| **5.5.6** | एजेंसी निम्नलिखित के मुद्रण का प्रावधान करेगी:<br><br>(क) प्रदर्शक निर्देशिका (अंग्रेजी में) की 100 प्रतियां (आकार: लगभग 6 x8 इंच) जिसमें सियाल पेरिस 2024 के सहभागियों का विवरण होगा (जिनमें से 90 प्रतियां मेला स्थल पर एपीडा टीम को सौंपी जाएंगी और शेष 10 प्रतियां बिलों के साथ दिल्ली कार्यालय में एपीडा अधिकारियों को जमा की जाएंगी)।<br><br>(ख) अंग्रेजी में एपीडा का कॉर्पोरेट ब्रोशर (100 प्रतियां, आकार 7 इंच x 9.5 इंच)।<br><br>(ग) प्रदर्शकों की निर्देशिका और कॉर्पोरेट ब्रोशर क्यूआर कोड आधारित होंगे और मोबाइल पर डाउनलोड करने योग्य होंगे। | एजेंसी निम्नलिखित के मुद्रण का प्रावधान करेगी:<br><br>(क) प्रदर्शक निर्देशिका (अंग्रेजी में) की 100 प्रतियां (आकार: लगभग 6 x8 इंच) जिसमें एशिया फ्रूट लॉजिस्टिका 2024 के सहभागियों का विवरण होगा (जिनमें से 90 प्रतियां मेला स्थल पर एपीडा टीम को सौंपी जाएंगी और शेष 10 प्रतियां बिलों के साथ दिल्ली कार्यालय में एपीडा अधिकारियों को प्रस्तुत की जाएंगी)।<br><br>(ख) अंग्रेजी में एपीडा का कॉर्पोरेट ब्रोशर (100 प्रतियां, आकार 7 इंच x 9.5 इंच)।<br><br>(ग) प्रदर्शक निर्देशिका और कॉर्पोरेट ब्रोशर क्यूआर कोड आधारित होंगे और मोबाइल पर डाउनलोड करने योग्य होंगे। |